न्यायालय मुंसिफ
सोनपुर सारण।
इजराय वाद सं0—10 सन् 2019
सत्यदेव राम वल्द स्व0 रामप्रवेश राम...................वादी।
बनाम
राज कुमार राम वो अन्य ....प्रतिवादीगण।

दिनांक— 01.09.2023

वादी की ओर से हाजिरी है। आज अभिलेख वादी की ओर से दाखिल सर्वे जानकार अधिवक्ता आयुक्त नियुक्ति आवेदन दिनांक 07.07.2023 पर आदेश हेतु नियत है। अभिलेख आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया।

आदेश

वादी का आवेदन में कथन है कि मौजा— बसंतपुर, थाना वो अंचल— दिघवारा, जिला—सारण स्थित खाता सं0 19, खेसरा सं0—2126, 2131, 2132 का मिलजुमले रकबा 17 धुर भूमि पर हकियत वाद सं0 19/2017 दाखिल किया जिसमें सारी प्रकिया पूर्ण होने के बाद वादी के पक्ष में दिनांक 27.11.2018 को जजमेंट एवं दिनांक 06.12.2018 को डिकी पारित किया गया। जजमेंट एवं डिकी के बाद वादी ने इजराय वाद दाखिल किया है। सुनवाई उपरांत उसमें नाजिर एवं अनुसेवक दखल दहानी हेतु स्थल पर गए परंतु प्रतिवादी के द्वारा जमीन के पहचान को लेकर विवाद उत्पन्न कर दिया गया। ऐसी परिस्थिति में इस वाद में किसी सर्वे जानकार अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति करना आवश्यक हो गया है। अतः निवेदन है कि इस वाद में सर्वे जानकार अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति करने की कृपा प्रदान की जाए।

प्रतिवादी की ओर से उपरोक्त आवेदन का प्रतिउत्तर दाखिल नहीं किया गया हैं

वादी के विद्वान अधिवक्ता को विगत तिथि को सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से विदित होता है कि प्रस्तुत वाद में डिकीदरान सर्वे जानकार अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति करने हेतु आवेदन दाखिल किया है। डिकीदरान का आवेदन में कथन है कि मौजा— बसंतपुर, थाना वो अंचल— दिघवारा,

जिला–सारण स्थित खाता सं0 19, खेसरा सं0–2126, 2131, 2132 का मिलजुमले रकबा 17 धुर भूमि पर हकियत वाद सं0 19/2017 दाखिल किया जिसमें सारी प्रकिया पूर्ण होने के बाद वादी के पक्ष में दिनांक 27.11.2018 को जजमेंट एवं दिनांक 06.12.2018 को डिकी पारित किया गया। जजमेंट एवं डिकी के बाद वादी ने इजराय वाद दाखिल किया है। सुनवाई उपरांत उसमें नाजिर एवं अनुसेवक दखल दहानी हेतु स्थल पर गए परंतु प्रतिवादी के द्वारा जमीन के पहचान को लेकर विवाद उत्पन्न कर दिया गया। ऐसी परिस्थिति में वाद के सम्यक न्याय निर्णयन के लिए सर्वे जानकारी अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति करना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः डिकीदरान की ओर से दाखिल सर्वे जानकार अधिवक्ता आयुक्त नियुक्ति आवेदन दिनांक 07.07.2023 को न्यायाहित में स्वीकृत किया जाता है। वादी सर्वे जानकार अधिवक्ता आयुक्त नियुक्ति शुल्क 3000/–रूपया नजारत में जमा करें।

वाद दिनांक....................को अग्रिम कार्यवाही हेतु।

मुंसिफ

सोनपुर, सारण।